पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दो दिवसीय 'मैनेजमेन्ट ओलम्पियाड' का उद्घाटन किया
युवाओं को उचित दिशा देने की जरूरत है-श्री नाईक

लखनऊः 24 जनवरी, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में लखनऊ मैनेजमेन्ट एसोसिएशन एवं आल इण्डिया मैनेजमेन्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'मैनेजमेन्ट ओलम्पियाड' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री नीरज कपूर निदेशक आल इण्डिया मैनेजमेन्ट एसोसिएशन, अध्यक्ष लखनऊ मैनेजमेन्ट एसोसिएशन श्री आलोक रंजन, अधिषाशी निदेशक श्री ए0के0 माथुर, श्री अरविन्द मोहन, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो0 एस0पी0 सिंह, श्री अनन्त जौहरी, प्रबन्धन से जुड़े विशेषज्ञ व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

राज्यपाल ने उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 1954 में जब उन्होंने बी0काम की परीक्षा पास की थी तो प्रबन्धन जैसा कोई विषय पाठ्यक्रम में नहीं था। परिवर्तन के साथ नये-नये विषय शामिल हुए। जो सीखता है वही आगे बढ़ता है। उत्तर प्रदेश में 21 करोड़ की आबादी है जिसका मुख्य व्यवसाय कृषि है। विकास की चुनौती को स्वीकार करते हुए आत्मविश्लेषण करना होगा। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनेगा तभी भारत बढ़ेगा। उद्योग के लिये मानसिक बदलाव जरूरी है। कुछ सीखने और आगे जाने की इच्छा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिये दूसरों से बेहतर करने का प्रयास करें।

श्री नाईक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 28 राज्य विश्वविद्यालय हैं जिनके दीक्षान्त समारोह बराबर हो रहे हैं। कल डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह था जिसमें लगभग 63000 से ज्यादा उपाधि प्रदान की गई। इससे यह सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश के 28 विश्वविद्यालय में कितनी उपाधियां दी जा रही हैं। प्रदेश के भविष्य को साकार करने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालयों की है। सन् 2025 तक भारत विश्व का सबसे युवा देश होगा। हमारी युवा शक्ति देश की पूंजी हैं। यह हमारा दायित्व है कि अपनी पूंजी को देश के विकास में कैसे उपयोग करें। युवाओं के गलत दिशा में जाने से गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। प्रदेश के विकास के लिये युवा औद्योगिक और आर्थिक क्षेत्र में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवाओं को उचित दिशा देने की जरूरत है।

श्री नीरज कपूर निदेशक आल इण्डिया मैनेजमेन्ट एसोसिएशन ने कहा कि हमें आने वाले कल के लिये नेतृत्व तैयार करना है। हम नये युग में पर्दापण कर चुके हैं, परिवर्तन हो रहा है। हमारे युवा कल की तैयारी आज करें। उन्होंने कहा कि हमें नवाचार और उद्यमिता की जरूरत है।

श्री आलोक रंजन अध्यक्ष लखनऊ मैनेजमेन्ट एसोसिएशन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का लक्ष्य है। हमें अपने संसाधन का प्रयोग करेगा कुछ बेहतर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे युवा नेतृत्व प्रदान करने के लिये राष्ट्र निर्माण के भागीदार बनें।

कार्यक्रम में कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय श्री एस0पी0 सिंह सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

अंजुम/ललित/राजभवन (30/30)

60
1957-2017
AIMA
ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION
AIMA Management Olympiad 2017
24th & 25th January, 2017
Lucknow
S P SINGH
HON'BLE GOVERNOR SHRI RAM NAIK
ALOK RANJAN
NEERAJ KAPOOR

1957-2017
ALOK RANJAN
HON'BLE GOVERNOR SHRI RAM NAIK

ANANT JAUHARI